### Need to form a clear policy on scientific research pertaining to animal and human clones and artificial insemination

**श्री राम नारायण साहू** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान मानव अनुवांशिकी एवं प्रजनन पर चल रहे आधुनिक अनुसंधान की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। मैं विज्ञान और विकास का पूर्णरूप से पक्षधर हूं। मैं आश्वस्त हूं कि वर्तमान समाज विकास के जिस सोपान पर खड़ा है, वह विज्ञान की देन है। इसके लिए मानव जाति विज्ञान की ऋणी रहेगी, परन्तु कुछ खोजों के दुष्परिणाम मानव जाति को सदियों तक भोगने पड़ सकते हैं। जब अल्ट्रासाउंड मशीन का प्रयोग शुरु हुआ, तो आशा बंधी की गर्भस्थ शिशु को रोगों से बचाने के लिए यह वरदान सिद्ध होगी। तब मुझे भी बहुत प्रसन्नता हुई थी। इससे गर्भ में पल रहे शिशुओं को लाभ पहुंचा होगा, मैं नहीं मानता, परन्तु अकेले भारत में नन्हीं बालिकाओं की जन्म से पहले ही हत्या, इसी मशीन की कृपा से हो चुकी है। यहां तक कि देश में महिला-पुरुष के अनुपात का संतुलन बिगड़कर, खतरे के निशान को पार करने लगा है।

महोदय, आजकल विश्व में तथा भारत में पशुओं और मनुष्यों के क्लोन बनाने की विधि पर तेजी से कार्य हो रहा है। इनमें भैंस, भेड़ और चूहे आदि के क्लोन सफल रूप से बनाए गए हैं। दूसरी ओर कृत्रिम शुक्राणु बनाकर बिना नर के सहयोग से बच्चे को जन्म देने में चूहों पर सफलता प्राप्त की गई है तथा मनुष्यों पर प्रयोग जारी है। मुझे विज्ञान से शिकायत नहीं है, मगर मेरा मानना है कि यह एक गंभीर मुद्दा है और इस पर गहन चिंतन एवं चर्चा की आवश्यकता है। इसके परिणामों एवं दुष्परिणामों को पूरी तरह समझना आवश्यक है। प्रकृति का संचालन प्राकृतिक सिद्धांतों के आधार पर होता है। उसे परिवर्तित करने के लिए प्रजनन प्रक्रिया के साथ बुनियादी छेड़छाड़ करना किस हद तक तर्कसंगत होगा और इसके परिणाम कितने हितकारी होंगे, यह प्रश्न चिंतनीय है। यह प्रश्न मेरा या आपका नहीं है, बल्कि पूरी मानव जाति की सृष्टि का है, इसलिए इस पर कोई कदम बढ़ाने से पहले गहन चिंतन आवश्यक है। अतः सरकार को इस विषय पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। धन्यवाद।

### Need to provide security forces with vehicles fitted with Anti-mine Technique

**श्री श्रीगोपाल व्यास** (छत्तीसगढ़) : दिनांक 20-7-09 को लिखित प्रश्न क्रं. 2744 के उत्तर में कहा है कि सुरंग निरोधी वाहन तो बनाए जाते हैं, पर वे उपकरण नहीं बनाए जाते, जो सुरंग निरोधी हैं। आयात की जानकारी भी वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। 10 राज्यों में ये वाहन काम आ रहे है। इनमें अधिकांश नक्सल प्रभावित हैं। ज्यादातर सुरक्षा व पुलिस बल सुरंगों द्वारा उड़ाए जा रहे वाहनों में मारे जा रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी का पूर्ण उपयोग कर इनको उचित उपकरणों से शीघ्रताशीघ्र शुरू कर लोगों की जान-माल की रक्षा की जाए, यह मेरा सरकार से आग्रह है।

### Demand to open ESIC medical college in orissa

SHRI RAM CHANDRA KHUNTIA (Orissa) : Sir, the ESIC Board decided to start a medical college for better medical care and super speedy treatment of insured persons and have more doctors. Replying to my Starred Question, the hon. Minister has replied that the ESIC has the proposal for opening of 27 medical colleges in different States, but not in Orissa. Orissa is a backward State having less medical colleges. Even though the original ESIC Board proposal included Orissa State and the medical college place was selected to be at Bhubaneshwar, unfortunately, it is not included in the Ministry's reply. This has created frustration among all the ESIC beneficiaries and all Orissa people in general.